समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# इंग्लैडं टेस्ट सीरीज से पहले विराट कोहली के रिटायरमेटं पर शाहिद अफरीदी का बड़ा बयान, कहा- “वो ज्यादा सम्मान के हकदार थे”.

Publisher

Published on 13 Jun 2025



## विराट कोहली के टेस्ट संन्यास के फैसले पर जावेद मियांदाद और शाहिद अफरीदी ने दिया रिएक्शन, बोले- “कुछ तो कहानी बाकी है”.

### विराट कोहली के टेस्ट संन्यास ने सबको चौंकाया

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज **विराट कोहली** ने 12 मई 2025 को अचानक टेस्ट क्रिकेट से **संन्यास की घोषणा** कर सभी को हैरान कर दिया था। इससे ठीक 5 दिन पहले 7 मई को कप्तान **रोहित शर्मा** ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। अब इस फैसले पर पाकिस्तान के दो पूर्व कप्तानों **जावेद मियांदाद** और **शाहिद अफरीदी** ने प्रतिक्रिया दी है।

### मियांदाद बोले- “कहानी मे कुछ और भी है”

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने एक इंटरव्यू में कहा, “विराट कोहली आधुनिक क्रिकेट के सबसे महान खिलाड़ियों में से हैं। उन्होंने खेल को जिस समर्पण से खेला, वह उदाहरण है। लेकिन जिस तरह से उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से अचानक विदाई ली, उससे लगता है कि कहानी में कुछ और भी है। वो आराम से 2027 तक खेल सकते थे।”

उन्होंने आगे कहा, “हर महान खिलाड़ी के करियर में उतार-चढ़ाव आते हैं। विराट भी उस दौर से गुज़रे, लेकिन उन्होंने उससे बाहर निकलकर जबरदस्त वापसी की।”

### शाहिद अफरीदी ने कहा- “कोहली को मिला सम्मान नाकाफी”

वहीं पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर और कप्तान शाहिद अफरीदी ने भी कोहली के लिए सम्मान जताते हुए कहा, “विराट कोहली उग्र

स्वभाव के रहे हैं, लेकिन उन्होंने भारतीय टीम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। वे अकेले दम पर मैच जिताते थे। ऐसे खिलाड़ी बहुत कम होते हैं और वो खास सम्मान के हकदार थे। शादी के बाद उनका रवैया काफी संतुलित हो गया था। मुझे लगता है कि उन्हें क्रिकेट से विदाई कुछ ज्यादा गरिमापूर्ण मिलनी चाहिए थी।"

**गंभीर ने अभ्यास के दौरान किया कोहली-रोहित का जिक्र**

टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे से पहले बेकेनहैम में अभ्यास कर रही है। इस दौरान गौतम गंभीर ने युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा, "अब जब कोहली, रोहित और अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी टीम में नहीं हैं, ये एक मौका है खुद को साबित करने का। देश के लिए कुछ खास कर दिखाने का वक्त आ गया है।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.